Dental and Eye Checkup Camp

Date August 28, 2019

Published Everyday News, September 1, 2019

An eye and dental check-up camp was held in school under the aegis of CBSE Sahodaya to promote awareness about good health and hygiene among the students.

2 एवरीडे न्यूज़ लखनऊ www.everydaynews.in

एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लखनऊ (एवरीडे न्यूज)। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। इसी भावना के चलते एमिटी इंटर नेशनल स्कूल समय-समय पर जागरूकता एवं परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन करता है। 28 अगस्त 2019 को सीबीएसई सहोदय के अंतर्गत एमिटी इंटरनेशनल स्कूल ने कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों के लिए एक नेत्र एवं दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया जिसमें शहर के अन्य प्रतिष्ठित विद्यालय जैसे बरदान इंटरनेशनल स्कूल, ब्राइट लैंड स्कूल, रॉयल माउंट अकादमी, डीपीएस गोमती नगर, एसडीएसएन, बिबग्योर स्कूल, लोयोला स्कूल, सिद्धांत वर्ल्ड स्कूल आदि ने उत्साह के साथ भाग किया। शिविर का संचालन दंत विशेषज्ञ डॉ आकांक्षा श्रीवास्तव एवं नेत्र विशेषज्ञ द्वारा किया गया। स्कूल के प्रयास का अभिभावक तथा प्रतिभागी विद्यालयों द्वारा प्रशंसा की गई। इस अवसर पर डाक्टरों की टीम ने नेत्र एवं दंत सुरक्षा हेतु परामर्श प्रदान किया। उन्होंने छात्रों को संतुलित भोजन एवं नियमित व्यायाम के आधार पर शरीर को स्वस्थ रखने के गुर बताए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रचना मिश्रा ने प्रतिभागी विद्यालयों की प्रशंसा करते हुये कहा कि वर्तमान समय में शरीर को स्वस्थ रखना एक चुनौती है, हमें हर हाल में इसे प्राथमिकता देनी चाहिए।